# स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 की तैयारियों की कलेक्टर एवं निगम प्रशास

## - स्वच्छता संबंधी शिकायत के लिए नागरिक स्वच्छता एप या 14420 का करे उपयोग

प्रसारण न्यूज • रतलाम

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम नगर को उच्चतम् रैंक दिलाने हेतु सर्वेक्षण के प्रत्येक मापदण्डों में अधिक से अधिक अंक प्राप्त हो इस हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर स्वच्छता हेतु कड़ी मेहनत करने के निर्देष दिये।

आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरूषोत्तम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत फरवरी माह में की गई व की जाने वाली गतिविधी जिओ मेंपिंग, पॉलीथीन प्रतिबंध, उपभोक्ता प्रभार, प्रसंस्करण केन्द्रो का संधारण एवं रख रखाव, वैज्ञानितक लैंडफीट आदि की सिलसिलेवार समीक्षा की।

बैठक में उन्होने निर्देशित किया कि स्वच्छता संबंधी शिकायत नागरिक स्वच्छता एप या 14420 पर दर्ज करायें इसका व्यापक प्रचार प्रसार करें ताकि नागरिक इसका अधिक से अधिक उपयोग करें तथा शिकायत का निराकरण 24 घन्टे में किया जाये। भवन निर्माण के दौरान निकलने वाली ईंट, गिट्टी, मुरम आदि नागरिक नगर निगम के माध्यम से उठवायें इस हेतु फोन नम्बर जारी किया जाये व इसके लिये दर निर्धारित की जाकर प्रस्तुत की जाये।

उन्होने निर्देशित किया कि एसटीपी प्लॉट के ट्रीटेड पानी का उपयोग भवन निर्माणकर्ता भवन निर्माण में उपयोग करें इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये व इसके लिये दर निर्धारित की जाकर प्रस्तुत की जाये।

75 मॉईक्रान से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित किये जाने हेतु उन्होने अभियान चलाने व दुकानें सील करने की कार्यवाही के निर्देष दिये। बल्क वेस्ट जनरेटर अपने संस्थान में ही गीले कचरे से खाद बनायें इसके लिये होटल, मैरिज गार्डन आदि संचालकों की बैठक 10 फरवरी को दोपहर 1 बजे कलेक्टोरेट में बैठक आयोजित की जाये। उन्होने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी अपने-अपने घरों में होम कम्पोस्टिंग करने के निर्देष दिये।



शहर में सफाई व्यवस्था सही नहीं पाये जाने, दिन में सफाई मित्र कार्य करते नहीं पाये जाने व उनके सफाई का रूट व एरिया निर्धारित नहीं किये जाने पर कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम ने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जी.के. जायसवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया साथ ही उन्होने झोन प्रभारी व दरोगा को भी निर्देशित किया कि जब घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है तो शहर में कचरा एवं गंदगी क्यों दिखाई दे रही है 3 दिवस में अपनी-अपनी व्यवस्था में सुधार कर लें अन्यथा झोन प्रभारी एवं दरोगाओं पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरुषोत्तम ने बैठक में निर्देशित किया कि सफाई मित्रों की उपस्थिति

प्रत्येक वा

किये जाने

पर्यवेक्षण

कि वे वार्ड

मित्रों की

स्वच्छता स

करें। उन्होंने

प्रसारण

प्रसारण 9/2/22

# स्वास्थ्य अधिकारी जायसवाल दूसरी बार निलंबित, चलती बैठक में दिया फरमान



रतलाम. नगर निगम प्रशासक व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मंगलवार शाम को तरणताल स्थित निगम कार्यालय में स्वच्छता अभियान 2022 को लेकर बैठक की। चलती बैठक में कलेक्टर शहर की सफाई अव्यवस्था से नाराज हुए व निगम के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी जीके जायसवाल को निलंबीत कर दिया। बता दे कि इसके पूर्व जायसवाल को कलेक्टर ने पिछले वर्ष शहर में अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई नहीं होने की शिकायत पर निलंबीत किया था।

शहर में सफाई व्यवस्था सही नहीं पाये जाने, दिन में सफाई मित्र कार्य करते नहीं पाये जाने व उनके सफाई का रूट व एरिया निर्धारित नहीं किये जाने पर कलेक्टर कुमार ने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जायसवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया व इसके साथ ही उन्होंने झोन प्रभारी व दरोगा को भी साफ लहजे में कहा कि जब घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है तो शहर में कचरा एवं गंदगी क्यों दिखाई दे रही है। तीन दिन में अपनी-अपनी व्यवस्था में सुधार कर लें अन्यथा झोन प्रभारी एवं दरोगाओं पर दण्डात्मक कड़ी कार्यवाही की जायेगी। 75 माँईक्रान से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित किये जाने हेतु कलेक्टर ने अभियान चलाने व दुकानें सील करने को कहा। बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री एससी व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, एसपी आचार्य सहित अन्य रहे।

पत्रिका 9/2/22

# प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जायसवाल निलंबित

रतलाम | सफाई व्यवस्था के बिगड़ने, सफाई मित्रों के काम नहीं करने, सफाई रूट व एरिया निर्धारित नहीं करने पर मंगलवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल को निलंबित कर दिया। कलेक्टर ने आयुक्त सोमनाथ झारिया को रोजाना दो घंटे स्वच्छता कार्य का निरीक्षण करने को कहा। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 को लेकर हुई बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास सहित अन्य मौजूद रहे।

दै.भास्कर 9/2/22

# सफाई का रूट तैयार नहीं किया, अधिकारी निलंबित

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** जब घर-घर से कचरा उठाया जा रहा है तो शहर में कचरा एवं गंदगी क्यों दिखाई दे रही है। तीन दिन में अपनी-अपनी व्यवस्था में सुधार कर लें अन्यथा झोन प्रभारी एवं दरोगाओं पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह चेतावनी कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मंगलवार को स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों को लेकर निगम अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक में दी। शहर में सफाई व्यवस्था सही नहीं पाए जाने, दिन में सफाई मित्रों के कार्य नहीं करने व उनकी सफाई का रूट व एरिया निर्धारित नहीं करने पर कलेक्टर ने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।



बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोतम। ● नईदुनिया

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ आयोजित बैठक में कलेक्टर ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत फरवरी माह में की गई व की जाने वाली गतिविधी जिओ मैपिंग, पालिथीन प्रतिबंध, उपभोक्ता प्रभार, प्रसंस्करण केंद्रों का संधारण एवं रख रखाव, वैज्ञानितक लैंडफीट आदि की समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि स्वच्छता संबंधी शिकायत नागरिक स्वच्छता एप या 14420 पर दर्ज कराएं। भवन निर्माण के दौरान निकलने वाली ईंट, गिट्टी, मुरम आदि नागरिक नगर निगम के माध्यम से उठवाएं। एसटीपी प्लांट के ट्रीटेड पानी का उपयोग भवन निर्माणकर्ता भवन निर्माण में उपयोग करें इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कर दर निर्धारित की जाए।

### होटल, मैरिज गार्डन संचालकों की बैठक 10 फरवरी को

75 माईक्रान से कम मोटाई की पालिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित करने का अभियान चलाने व दुकानें सील करने की कार्यवाही के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए। बल्क वेस्ट जनरेटर अपने संस्थान में ही गीले कचरे से खाद बनाएं, इसके लिये होटल, मैरिज गार्डन आदि संचालकों की बैठक 10 फरवरी को दोपहर 1 बजे कलेक्टोरेट में बैठक आयोजित की जाए।

### प्रतिदिन दो घंटे शहर का दौरा करें आयुक्त

कलेक्टर ने बैठक में निर्देशित किया कि सफाई मित्रों की उपस्थिति प्रत्येक वार्ड में बायोमैट्रिक फेस रिडिंग मशीन से दर्ज की जाए। वार्डो में पर्यवेक्षक प्रात: छह से आठ बजे तक भ्रमण कर सफाई मित्रों की उपस्थिति व दरोगा को सुपरवाइज कर स्वच्छता संबंधी कार्य की रिपोर्ट प्रतिदिन आठ बजे प्रस्तुत करें। उन्होंने निगम आयुक्त को भी निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन दो घंटे भ्रमण कर स्वच्छता कार्य का पर्यवेक्षण करें। बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, सत्यप्रकाश आचार्य, लेखापाल जगदीश पांचाल, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह आदि उपस्थित थे।

### उद्यानों एवं स्मारकों की देखरेख के लिए बनाए नागरिक समूह

शहर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमा स्थल व उद्यानों देख रेख एवं साफ सफाई के लिए पृथक-पृथक नागरिक समूह बनाकर साफ-सफाई रखी जाकर जनजागरूकता लाई जा रही है। जवाहर लाल नेहरू, डाक्टर बीआर आंबेडकर, महाराणा प्रताप, बापू उद्यान एवं उसमें स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा, रवींद्रनाथ टैगोर प्रतिमा की देख-रेख व साफ-सफाई के लिए नागरिक समूहों का गठन कर हस्ताक्षर करवाए गए। स्मारकों एवं उद्यानों को हमेशा साफ स्वच्छ रखा जा रहा है। नई.

नईदुनिया 9/2/22

# कलेक्टर ने जिला स्तरीय जनसुनवाई में 54 आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभागों को दिये निर्देश

दैनिक अवन्तिका ›› रतलाम



जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, अपर कलेक्टर श्री एम.एल. आर्य, डिप्टी कलेक्टर श्री अभिषेक गहलोत, एसडीएम श्री शुक्ला, एसडीएम रतलाम ग्रामीण कृतिका भीमावत द्वारा 54 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग को निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में ग्राम आक्यादेह तहसील पिपलौदा निवासी पार्वती पति भंवरलाल प्रजापति ने बताया कि प्रार्थिया आंगनवाडी केन्द्र क्र.1 में सहायिका के पद पर पदस्थ है तथा प्रार्थिया को 6 माह पूर्व ही बगैर किसी सूचना दिए अनुचित तरीके से सेवानिवृत्त कर दिया गया है। विभाग द्वारा प्रार्थिया की सेवानिवृत्ति की उम्र 62 वर्ष दर्शाई गई है जबकि आधार कार्ड तथा मतदाता परिचय पत्र के आधार पर प्रार्थिया की उम्र 55 वर्ष हो रही है। इस सम्बन्ध में विभाग से जानकारी चाही गई तो बताया कि गया कि एमआईएस के आधार पर सेवा निवृत्ति की गई है। जब मुझ प्रार्थिया द्वारा एमआईएस की जानकारी प्राप्त करना चाही तो मुझे जानकारी नहीं दी जा रही है। प्रकरण निराकरण हेतु महिला बाल विकास विभाग को प्रेषित किया गया है।

सुभाष नगर निवासी नूरजहां पति मलंग शाह ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि प्रार्थिया का मकान सुभाष नगर में स्थित है। सुभाष नगर में फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण होने से प्रार्थिया के मकान का सर्वे किया जाकर सर्वे नं. 105 के आधार पर अवार्ड पारित किया गया था परन्तु आज दिनांक तक प्रार्थिया को मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है। कृपया मुआवजा राशि दिलवाई जाए। प्रकरण निराकरण के लिए संबंधित विभाग को भेजा गया है।

नयागांव निवासी सरोज कछावा पति स्व. श्री शिवसिंह कछावा ने बताया कि प्रार्थिया का एक भूखण्ड नयागांव में स्थित है जिस पर क्षेत्र के कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा अनाधिकृत रुप से बलपूर्वक कब्जा कर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कर लिया गया है। इसकी सूचना प्रार्थिया द्वारा औद्योगिक क्षेत्र थाने में भी की गई परन्तु कोई कारंवाई नहीं की गई है। जब इस सम्बन्ध में उन व्यक्तियों से चर्चा की गई तो उन लोगों द्वारा अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी जा रही है। प्रकरण निराकरण हेतु संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया है। नयागांव निवासी प्रेमलता पति स्व. कैलाशचन्द्र सोलंकी ने आवेदन में बताया कि प्रार्थिया के पति की १४ जनवरी २०२० को मृत्यु हो चुकी है। ट्रेजरी तथा डिपार्टमेंट की ओर से प्रार्थिया को पेंशन मिल चुकी है परन्तु बैंक वाले पेंशन का लाभ देने में आनाकानी कर रहे हैं, जिससे प्रार्थिया काफी परेशान है। प्रकरण एलडीएम को शीघ्र कार्यवाही करने हेतु भेजा गया है।

ग्राम डाबर तहसील बाजना निवासी राजपाल डोडियार ने जनसुनवाई के दौरान बताया कि प्रार्थी द्वारा एक वर्ष पूर्व शिक्षा लोन लेने के लिए सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा बाजना में बात की गई थी, उस दौरान बैंक मैनेजर द्वारा कहा गया था कि आप शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश मत लेना आपका 2 लाख रुपए का लोन दो माह में पास हो जाएगा।

बैंक मैनेजर द्वारा मुझे प्रपोजल लेटर भी प्रदान कर दिया गया था परन्तु अब वे शिक्षा लोन देने से मना कर रहे हैं। बैंक मैनेजर द्वारा विगत एक साल से टालमटोल करने के कारण प्रार्थी का एक साल शिक्षा से वंचित हो गया जिससे प्रार्थी व प्रार्थी का परिवार मानसिक रुप से काफी त्रस्त हो चुका है। अतः आवश्यक कार्यवाही कर प्रार्थी को न्याय प्रदान किया जाए। प्रकरण एलडीएम को निराकरण के लिए प्रेषित किया। अवन्तिका।

अवन्तिका। 9/2/22

बच्चों से लेकर बड़ों के स्वास्थ्य पर हमला कर रहा ई वेस्ट

# रिसाइक्लिंग-नवीनीकरण के लिए निगम बनाएगा योजना

**एक्सक्लूसिव**


पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com


**रतलाम.** इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट याने की बिजली का कबाड़ हुआ सामान घरों में तेजी से बढ़ रहा है। जिस गति से इलेक्ट्रॉनिक के सामान की दुनिया में तेजी से बदलाव हो रहा है, घर के पुराने सामान कबाड़ में तो नए सामान घर की शोभा बन रहे है। लेकिन इस खतरे से आमजन बे- खबर है कि यह कबाड़ आपके घर के छोटे बच्चों की बुद्धि को तो बड़ों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर रहा है। आमतौर पर कबड़ी को इलेक्ट्रॉनिक सामान को बिक्री कर दिया जाता है, लेकिन यह न सिर्फ स्वयं के बल्कि शहर के स्वास्थ्य के लिए भी नुकसानदायक है। अब नगर निगम ने इस खतरे को भांपते हुए सूध ली है। इसके सुरक्षित निष्पादन के लिए योजना बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

इलेक्ट्रॉनिक सामान में कई हानीकारक वस्तुएं शामिल होती है। यह न सिर्फ पर्यावरण के लिए नुकसानदायक है, बल्कि मनुष्य के जीवन के लिए भी घातक होती है। अब इस खतरे को जानने के बाद नगर निगम ने इस पर काम शुरू किया है। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक कबाड़ हो चुके सामान के खतरे से बचाने अभियान चलाएगी, बल्कि आमजन को जागरुक भी करेगी।

## फैक्ट फाइल

- 53.6 मीट्रिक टन सालाना ई कचरा पूरे वर्ष में विश्व निकलता है।
- 3.2 मीट्रिक टन देश में ई कचरा निकलता है।
- 22 लाख टन ई कचरा मध्यप्रदेश में 2021 में निकला है।
- 10 प्रतिशत सालाना की दर से ई वेस्ट देश में बढ़ रहा है।

## हम जागरूक करेंगे

हम ई वेस्ट के कचरे को गंभीरता से ले रहे है। इसके लिए जागरुकता का अभियान चलाया जाएगा। इसकी योजना पर काम चल रहा है। - **विकास सोलंकी,** उपायुक्त नगर निगम

## इनसे होता अधिक खतरा

**लैंड** - इसमे न्यूरोटॉक्सीन होता है। इससे किडनी व रिप्रोडक्टिव सिस्टम इफेक्ट होने से बच्चों की बुद्धि का विकास प्रभावित होता है। वे गुस्से वाले, चिड़चिड़े होते है।

**क्रॉमियम** - इससे लीवर, किडनी डैमेज होने के साथ - साथ अस्थमा व लम्स कैंसर होने का खतरा रहता है।

**मर्करी** - सेंट्रल नर्वस सिस्टम को प्रभावित करता है। किडनी के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर करता है। यह स्टील, बैट्री, स्विच, एलसीडी में पाया जाता है।

पत्रिका।

पत्रिका 9/२/२२

# इस बार स्वच्छता रैंकिंग में कोई भी निकाय हंड्रेड से बाहर नहीं रहे

## कलेक्टर ने नगरपालिका अधिकारियों की बैठक आयोजित की

रतलाम। इस बार की स्वच्छता रैंकिंग में जिले का कोई भी नगरीय निकाय 100 से बाहर नहीं जाए, यह सुनिश्चित करें। इसके लिए अभी से पूरी तैयारियां की जाएं। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के नगर पालिका अधिकारियों की बैठक में दिए। परियोजना अधिकारी शहरी विकास श्री अरुण पाठक भी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने सभी नगरपालिका अधिकारियों से उनकी तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं के लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी अधिकारी मेहनत के साथ कार्य करें। इस फरवरी तथा मार्च में किसी को भी अवकाश नहीं दिया जाएगा। बैंकों से लक्ष्य पूर्ति के लिए कोई भी समस्या अपने एसडीएम साथ शेयर करें, वहां से हल नहीं होने पर कलेक्टर स्तर से बात की जाए। स्वच्छता रैंकिंग पर चर्चा के दौरान नामली, जावरा, सैलाना, पिपलौदा को 3 स्टार रैंकिंग हासिल करने के लिए पुरजोर प्रयास हेतु निर्देशित किया। सभी नगर पालिका अधिकारियों को अपने कार्य क्षेत्र में प्रातः 6:00 से 8:00 तक भ्रमण करके फीडबैक प्राप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा इस दौरान डोर-टू-डोर वाहन कचरा कलेक्शन, कचरा प्रथकीकरण, प्लांट स्थापना, कंपोस्ट निर्माण, डस्टबिन इत्यादि बिंदुओं पर समीक्षा की गई। इसके अलावा नगरीय निकायों में स्वयं सहायता समूह के गठन, प्रधानमंत्री स्व निधि, सीएम स्ट्रीट वेंडर योजना की प्रगति की समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई।

स्वतंत्र [illegible] 9/2/22

# रतलाम में 'सबसे स्वच्छ कौन' प्रतियोगिता

**रतलाम, नप्र।** रतलाम को साफ और सुंदर बनाने के लिए पूरी कोशिश की जा रही है।

जिला प्रशासन की मंशा है कि सफाई के प्रति जागरूकता और आम जनमानस में सफाई के लिए गहरी पैठ बनाई जाए इसके लिए 'शहर में सबसे स्वच्छ कौन' प्रतियोगिता शुरू करने जा रहा है जो इसी हफ्ते से शुरू होगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि शहर की होटलों, रेस्टोरेंट, वार्डों, मोहल्लों के अलावा सरकारी दफ्तरों और ऐसे तमाम क्षेत्रों के बीच सबसे ज्यादा स्वच्छ कौन प्रतियोगिता की जाकर उनको सबसे स्वच्छ रेस्टोरेंट्स, सबसे स्वच्छ कार्यालय जैसा प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

इस संबंध में कलेक्टर ने निगम आयुक्त, शहर एसडीएम तथा सहायक संचालक टीएनसीपी की एक समिति बनाई है। यह समिति प्रतियोगिता आयोजन से लेकर निर्णय तक सारी प्रक्रिया संपादित करवाएगी।

## सौ से बाहर नहीं रहे

रतलाम। इस बार की स्वच्छता रैंकिंग मे अव्वल आने के लिए ध्यान रखें कि जिले का कोई भी नगरीय निकाय 100 से बाहर नही जाए. अभी से पूरी तैयारिया की जाए। ये निर्देश कलेक्टर ने जिले के नगर पालिका अधिकारियो की बैठक मे दिए। लक्ष्य हासिल करने के लिए मेहनत के साथ काम करे। फरवरी तथा मार्च मे किसी को भी छुट्टी नही दी जाए। नामली, जावरा, सैलाना, पिपलौदा को 3 स्टार रैंकिंग के लिए कोशिश करे। सुबह 6 से 8 बजे तक भ्रमण करके फीडबेक ले।

प्रभात किरण 8/2/22

# निगम के करों की बकाया वसूली मार्च तक 100 प्रतिशत करें-झारिया

## बैठक में अनुपस्थित 3 कर्मचारियों का वेतन काटा

रतलाम ● स्वदेश समाचार

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के संपत्ति कर, जल कर, राजस्व, लायसेंस, विकास शाखा आदि विभागों की बकाया वसूली की समीक्षा बैठक लेकर मार्च तक 100 प्रतिशत बकाया वसूली किए जाने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने संपत्ति कर बकाया वसूली की जानकारी लेकर निर्देशित किया कि ऐसे भवन स्वामी जिनके द्वारा विवरणी में दर्शाये गए क्षेत्रफल से अधिक क्षेत्रफल का भवन नपती के बाद प्राप्त हुआ है उन्हें अंतर की राशि का पांच गुना अधिभार का बिल प्रस्तुत कर राशि वसूल की जाए। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र का सर्वे कर संबंधितों से विवरणी भरवाई जाकर संपत्ति कर राशि का बिल दिया जाए। श्री झारिया ने निर्देशित किया 10 हजार से अधिक की राशि वाले बकायादार



यदि बकाया राशि नहीं जमा कराते है तो उनके नल संयोजन विच्छेद की कार्रवाई की जाए। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि अवैध से वैध नल संयोजन की कार्रवाई नियमानुसार की जाए ताकि नगर में अवैध नल संयोजनों को समाप्त किया जा सकें।

श्री झारिया ने राजस्व विभाग की बकाया वसूली की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि ऐसे दुकानदार जिनकी बकाया राशि 10 हजार से अधिक है उनसे बकाया राशि वसूल की जाए अन्यथा उनकी दुकानें सील करने की कार्रवाई प्रारंभ की जाए।

बैठक में अनुपस्थित सहायक राजस्व उपनिरीक्षक विजय कपूर, स्थायीकर्मी मुकेश मेहता व आनन्द नीमा का एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

लायसेंस विभाग की बकाया वसूली की समीक्षा के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि नगर में बिना लायसेंस दुकान संचालित करने वालों का सर्वे प्रारंभ किया जाए। इसके अलावा विकास शाखा की संपत्तियों के डाक्यूमेंटेशन का कार्य किए जाने व कम्पाउडिंग के नोटिस जारी के निर्देश संबंधितों को दिए।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर सहित संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे। स्वदेश

स्वदेश 9/2/22

जनसुनवाई में जमीन की शिकायत लेकर पहुंचे अधिकांश आवेदक

# दबंगों ने किया जमीन पर कब्जा, शिकायत पर कलेक्टर ने की कार्रवाई




रतलाम » दबंग रिपोर्टर

नयागांव में मेरा एक भूखण्ड है। इस पर क्षेत्र के कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा अनाधिकृत रुप से बलपूर्वक कब्जा कर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कर लिया गया है। सूचना प्रार्थिया द्वारा औद्योगिक क्षेत्र थाने में भी की गई परन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन व्यक्तियों से चर्चा की गई तो उन लोगों द्वारा अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

यह शिकायत सरोज कछावा पति स्व. शिवसिंह कछावा ने जनसुनवाई में की। कलेक्टर के आव्हान के बाद पूरे जिले से ऐसे लोग अच्छी संख्या में आवेदन लेकर पंहुचे जिनमें जमीन या मकान पर कब्जे की शिकायत थी। जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक गहलोत, एसडीएम राजेश शुक्ला, कृतिका भीमावत ने 54 आवेदनों पर सुनवाई की।

जनसुनवाई में ग्राम आक्यादेह तहसील पिपलौदा निवासी पार्वती पति भंवरलाल प्रजापति ने बताया कि प्रार्थिया आंगनवाडी केन्द्र 1 में सहायिका के पद पर पदस्थ है। प्रार्थिया को 6 माह पूर्व ही बगैर किसी सूचना दिए अनुचित तरीके से सेवानिवृत्त कर दिया गया है। विभाग द्वारा प्रार्थिया की सेवानिवृत्ति की उम्र 62 वर्ष दर्शाई गई है जबकि आधार कार्ड तथा मतदाता परिचय पत्र के आधार पर प्रार्थिया की उम्र 55 वर्ष है। प्रकरण निराकरण हेतु महिला बाल विकास विभाग को प्रेषित किया गया है।

## मुआवजा नहीं मिलने पर की शिकायत

सुभाष नगर निवासी नूरजहां पति मलंग शाह ने बताया कि मकान सुभाष नगर में स्थित है। फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण होने से प्रार्थिया के मकान का सर्वे किया जाकर सर्वे 105 के आधार पर अवार्ड पारित किया गया था परन्तु आज तक मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है। ग्राम डाबर तहसील बाजना निवासी राजपाल डोडियार ने बताया कि प्रार्थी द्वारा एक वर्ष पूर्व शिक्षा लोन लेने के लिए सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा बाजना में बात की गई थी। बैंक मैनेजर द्वारा कहा गया था कि आप शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश मत लेना आपका 2 लाख रुपए का लोन दो माह में पास हो जाएगा। बैंक मैनेजर द्वारा मुझे प्रपोजल लेटर भी प्रदान कर दिया गया था परन्तु अब वे शिक्षा लोन देने से मना कर रहे हैं। बैंक मैनेजर द्वारा विगत एक साल से टालमटोल करने के कारण प्रार्थी का एक साल शिक्षा से वंचित हो गया जिससे प्रार्थी व प्रार्थी का परिवार मानसिक रुप से काफी त्रस्त हो चुका है।

## परशुराम विहार के लिए भूखंडों की ऑनलाइन बोलियां खोली गई



रतलाम » दबंग रिपोर्टर

रतलाम विकास प्राधिकरण की सैलाना रोड पर विकसित परशुराम विहार के विभिन्न वर्गों के लिए 60 भूखंडों को खरीदने के लिए बोलियां ऑनलाईन लगाई गईं।

प्राधिकरण ने परशुराम विहार योजना के साठ भूखंड के विक्रय हेतु एमपी ऑनलाइन द्वारा विकसित पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित की थी। 14 जनवरी से प्रारंभ की गई बोली आमंत्रण प्रक्रिया 31 जनवरी तक जारी रही। 7 फरवरी को अपरान्ह समस्त प्राप्त बोलियों की टेक्निकल एवं फाइनेंसियल बिड को खोला गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि प्राप्त बोलियों के संबंध में शीघ्र आगामी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, कार्यपालन यंत्री जे.के. मीणा, सहायक यंत्री भावेश पाटिल, सम्पदा अधिकारी पूजा भाटी, वरिष्ठ लिपिक राजेश उपाध्याय, नीता इसरानी, अंजली शर्मा आदि उपस्थित थे।

दबंगदुनिया
9/2/22

# ण-2022 की तैयारियों की कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरुषोत्तम ने की समीक्षा

**- स्वच्छता संबंधी शिकायत के लिए नागरिक स्वच्छता एप या 14420 का करे उपयोग - प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जायसवाल निलंबित**

निर्माण के दौरान निकलने वाली ईंट, गिट्टी, मुरम आदि नागरिक नगर निगम के माध्यम से उठवायें इस हेतु फोन नम्बर जारी किया जाये व इसके लिये दर निर्धारित की जाकर प्रस्तुत की जाये।

उन्होने निर्देशित किया कि एसटीपी प्लॉट के ट्रीटेड पानी का उपयोग भवन निर्माणकर्ता भवन निर्माण में उपयोग करें इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये व इसके लिये दर निर्धारित की जाकर प्रस्तुत की जाये।

75 मॉईक्रान से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित किये जाने हेतु उन्होने अभियान चलाने व दुकानें सील करने की कार्यवाही के निर्देष दिये। बल्क वेस्ट जनरेटर अपने संस्थान में ही गीले कचरे से खाद बनायें इसके लिये होटल, मैरिज गार्डन आदि संचालकों की बैठक 10 फरवरी को दोपहर 1 बजे कलेक्टोरेट में बैठक आयोजित की जाये। उन्होने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी अपने-अपने घरों में होम कम्पोस्टिंग करने के निर्देष दिये।



शहर में सफाई व्यवस्था सही नहीं पाये जाने, दिन में सफाई मित्र कार्य करते नहीं पाये जाने व उनके सफाई का रूट व एरिया निर्धारित नहीं किये जाने पर कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जी.के. जायसवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया साथ ही उन्होने झोन प्रभारी व दरोगा को भी निर्देशित किया कि जब घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है तो शहर में कचरा एवं गंदगी क्यों दिखाई दे रही है 3 दिवस में अपनी-अपनी व्यवस्था में सुधार कर लें अन्यथा झोन प्रभारी एवं दरोगाओं पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरुषोत्तम ने बैठक में निर्देशित किया कि सफाई मित्रों की उपस्थिति प्रत्येक वार्ड में बायोमैट्रिक फेस रिडिंग मशीन से दर्ज किये जाने के निर्देश दिये। वार्डों में सफाई कार्य के पर्यवेक्षण के लिये नियुक्त पर्यवेक्षकों निर्देशित किया कि वे वार्डों में प्रातः 6 से 8 बजे तक भ्रमण कर सफाई मित्रों की उपस्थिति व दरोगा को सुपरवाईज करें तथा स्वच्छत संबंधी कार्य की रिपोर्ट प्रतिदिन 8 बजे प्रस्तुत करें। उन्होने निगम आयुक्त श्री झारिया को भी निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन 2 घन्टे भ्रमण कर स्वच्छता कार्य का पर्यवेक्षण करें।

उन्होंने अधिकारी एवं कर्मचारियों से कहा कि शासकीय कर्मचारी में वह पावर होती है जो किसी ओर में नहीं होती यदि आप सिर्फ यह ठान लें की मुझे अपने शहर के लिये कुछ अच्छा करना है, यह शहर आपका अपना शहर है आपको यहीं रहना है इसलिये अपने षहर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनायें। उन्होने कहा कि ऐसा कार्य करके दिखाएं की नागरिक स्वंय कहे कि शहर में स्वच्छता में बदलाव हुआ है।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, सत्यप्रकाश आचार्य, लेखापाल जगदीश पांचाल, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, निज सहायक सुभाष गोयल, उपयंत्री अनवर कुरेशी, सुहास पंडित, ब्रजेश कुशवाह, मनीष तिवारी सहित झोन प्रभारी, नियुक्त पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

प्रसारण

प्रसारण 9/2/22

# दिनभर गंदा पानी होता रहा लीकेज



**रतलाम.** दो बत्ती क्षेत्र में नगर निगम के चैंबर में से गंदा पानी दिनभर लीकेज होता रहा। सूचना देने के बाद भी सुधार के लिए कोई नहीं आया। निगम की इस बेरुखी से स्थानीय कारोबारियों में नाराजी है। पत्रिका

पत्रिका ९/२/२२




# जिला स्तरीय जनसुनवाई में 54 आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए

रतलाम। जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। जनसुनवाई में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, अपर कलेक्टर श्री एम.एल. आर्य, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक गहलोत, एसडीएम शुक्ला, एसडीएम रतलाम ग्रामीण कृतिका भीमावत द्वारा 54 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग को निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम आक्यादेह तहसील पिपलौदा निवासी पार्वती पति भंवरलाल प्रजापति ने बताया कि प्रार्थिया आंगनवाडी केन्द्र क्र.1 में सहायिका के पद पर पदस्थ है तथा प्रार्थिया को 6 माह पूर्व ही बगैर किसी सूचना दिए अनुचित तरीके से सेवानिवृत्त कर दिया गया है। विभाग द्वारा प्रार्थिया की सेवानिवृत्ति की उम्र 62 वर्ष दर्शाई गई है जबकि आधार कार्ड तथा मतदाता परिचय पत्र के आधार पर प्रार्थिया की उम्र 55 वर्ष हो रही है। इस सम्बन्ध में विभाग से जानकारी चाही गई तो बताया कि गया कि एमआईएस के आधार पर सेवानिवृत्ति की गई है। जब मुझ प्रार्थिया द्वारा एमआईएस की जानकारी प्राप्त करना चाही तो मुझे जानकारी नहीं दी जा रही है। प्रकरण निराकरण हेतु महिला बाल विकास विभाग को प्रेषित किया गया है। सुभाष नगर निवासी नूरजहां पति मलंग शाह ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि प्रार्थिया का मकान सुभाष नगर में स्थित है। सुभाष नगर में फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण होने से प्रार्थिया के मकान का सर्वे किया जाकर सर्वे नं. 105 के आधार पर अवार्ड पारित किया गया था परन्तु आज दिनांक तक प्रार्थिया को मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है। कृपया मुआवजा राशि दिलवाई जाए। प्रकरण निराकरण के लिए संबंधित विभाग को भेजा गया है। नयागांव निवासी सरोज कछावा पति स्व. शिवसिंह कछावा ने बताया कि प्रार्थिया का एक भूखण्ड नयागांव में स्थित है जिस पर क्षेत्र के कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा अनाधिकृत रुप से बलपूर्वक कब्जा कर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कर लिया गया है। इसकी सूचना प्रार्थिया द्वारा औद्योगिक क्षेत्र थाने में भी की गई परन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इन्दौर

इन्दौर समाचार 9/2/22

# गुलाब चक्कर का होगा जीर्णोद्धार शिलालेख पट्टीका का विधायक ने किया अनावरण

रतलाम ● स्वदेश समाचार

रतलाम स्थापना दिवस को गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा गौरव गान प्रस्तुत किया गया। राजेश पंडित एवं ग्रुप के कलाकारों संगीता जैन, जितेंद्र चौहान, मनोज जोशी, पुलकित निगम सहित रिदम ग्रुप के दिनेश भंवरिया, असीम पंड्या एवं कलाकारों ने प्रभावी प्रस्तुति दी। अंशु मिश्रा के नेतृत्व में सामूहिक नृत्य के माध्यम से लोक संस्कृति एवं राष्ट्रीय एकता की प्रस्तुति दी।



इस अवसर पर रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयोजक मुन्नालाल शर्मा ने स्वागत भाषण दिया तथा निगमायुक्त सोमनाथ झारिया एवं समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि प्रति वर्ष स्थापना दिवस गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। शासन ने भी इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए है। इस अवसर पर 27 लाख की लागत से गुलाब चक्कर के जीर्णोद्धार, सौन्दर्यीकरण व बैण्ड स्टैण्ड निर्माण की शिलालेख पट्टीका अनावरण किया। पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। स्वदेश

स्वदेश 9/2/22

# जनसुनवाई में पहुंची महिला ने निगमायुक्त को सुनाई खरी खरी



रतलाम। जन सुनवाई के दौरान पहुंची एक महिला की सुनवाई नहीं करने पर निगम आयुक्त को महिला ने खरी खरी सुना दी। शक्ति नगर निवासी महिला रिहायशी इलाके में डीजल की भट्टी चलने से हो रही परेशानी की शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंची थी। जहां कलेक्टर ने निगमायुक्त से महिला की समस्या के निराकरण के बारे में पूछा तो निगमायुक्त ने कहा कि पूरे रिहायशी इलाके में केवल इसी महिला को परेशानी है और यह बार-बार शिकायत करती रहती है।

निगमायुक्त की बात से आहत महिला ने कलेक्टर के सामने ही निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को खरी-खरी सुना दी। महिला ने रोते हुए कहा कि मुझे शिकायत करने का शौक नहीं है साहब। बहुत परेशान हो गए तब ही जनसुनवाई में आए हैं। आप मेरी समस्या का समाधान नहीं कर सकते तो मना कर दीजिए मैं अब नहीं आऊंगी। इसके बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने महिला की सुनवाई करते हुए उसे उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। दरअसल पूरा मामला शक्ति नगर क्षेत्र में संचालित एक नमकीन निर्माता कि शिकायत से जुड़ा हुआ हैं जहां शक्ति नगर निवासी महिला शांति मालवीय ने डीजल भट्टी निकलने वाले धुएं से हो रहे प्रदूषण और परेशानी की शिकायत नगर निगम और जनसुनवाई में की थी। आजा महिला अपनी शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंची तो कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया से इस बारे में की गई कार्रवाई के बारे में पूछा। जिस पर सोमनाथ झारिया ने महिला को आदतन शिकायती करार दे दिया। जिस से आहत महिला ने रोते हुए हैं निगमायुक्त को खरी-खरी सुना दी। बहरहाल इस मामले में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं। इन्दौर

इन्दौर समाचार 9/12/22

# जनसुनवाई में पहुंची महिला ने निगमायुक्त को सुनाई खरी-खरी

## शिकायत लेकर पहुंची महिला को निगमायुक्त ने बताया आदतन शिकायती, रोते हुए महिला बोली - शौक नहीं है साहब, बहुत परेशान हुए तभी



प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

जन सुनवाई के दौरान पहुंची एक महिला की सुनवाई नहीं करने पर निगम आयुक्त को महिला ने खरी खरी सुना दी। शक्ति नगर निवासी महिला रिहायशी इलाके में डीजल की भट्टी चलने से हो रही परेशानी की शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंची थी।

जहां कलेक्टर ने निगमायुक्त से महिला की समस्या के निराकरण के बारे में पूछा तो निगमायुक्त ने कहा कि पूरे रिहायशी इलाके में केवल इसी महिला को परेशानी है और यह बार-बार शिकायत करती रहती है। निगमायुक्त की बात से आहत महिला ने कलेक्टर के सामने ही निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को खरी-खरी सुना दी। महिला ने रोते हुए कहा कि मुझे शिकायत करने का शौक नहीं है साहब। बहुत परेशान हो गए तब ही जनसुनवाई में आए हैं। आप मेरी समस्या का समाधान नहीं कर सकते तो मना कर दीजिए मैं अब नहीं आऊंगी। इसके बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने महिला की सुनवाई करते हुए उसे उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

दरअसल पूरा मामला शक्ति नगर क्षेत्र में संचालित एक नमकीन निर्माता की शिकायत से जुड़ा हुआ है, जहां शक्ति नगर निवासी महिला शांति मालवीय ने डीजल भट्टी निकलने वाले धुएं से हो रहे प्रदूषण और परेशानी की शिकायत नगर निगम और जनसुनवाई में की थी। आजा महिला अपनी शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंची तो कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया से इस बारे में की गई कार्रवाई के बारे में पूछा, जिस पर सोमनाथ झारिया ने महिला को आदतन शिकायती करार दे दिया, जिससे आहत महिला ने, रोते हुए हैं निगमायुक्त को खरी-खरी सुना दी।

बहरहाल इस मामले में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

प्रसारण 7/12/22

समस्या • पैलेस रोड, श्रीमाली वास, पूर्णेश्वर महादेव रोड एवं डालू मोदी बाजार में एक साथ खुदाई से लोगों की मुसीबत बढ़ी

# सड़क और सीवरेज का काम चलने से रास्ते बंद होने से बाजारों में बढ़ी मुसीबत, कारोबार पर असर

## मार्ग डायवर्ड के संकेतक तक नहीं लगाए गए हैं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बाजार क्षेत्र में सड़क निर्माण और सीवरेज लाइन के लिए चल रही खुदाई से कई प्रमुख रास्ते बंद हो गए हैं। नतीजतन लोगों को घूमकर जाना पड़ रहा है।

श्रीमाली वास, डालू मोदी बाजार, पैलेस रोड जैसे प्रमुख मार्ग बंद होने से इसका दबाव अन्य सड़कों पर पड़ा। इससे ट्रैफिक बढ़ गया और बार-बार जाम की स्थिति बनी। चूंकि ये सभी इलाके और रहवासी और व्यापारिक क्षेत्र है। ऐसे में रास्ते बंद करने से कारोबार प्रभावित हो रहा है। इससे इन क्षेत्रों में स्थित कपड़ा, मेडिकल सहित अन्य दुकानों पर ग्राहकी का असर हुआ है। लोगों की परेशानी ज्यादा इसलिए बढ़ गई क्योंकि मार्ग डायवर्ड के संकेतक नहीं लगाए। इससे लोग इन रोड पर पहुंचे तो सीवरेज खुदाई का काम चलते देख पलटना पड़ा। जबकि, संकेतक लगा देते तो यह स्थिति नहीं बनती।

**बिगड़े हालात ...** कपड़ा, मेडिकल सहित अन्य दुकानों की ग्राहकी पर असर हो रहा



पूर्णेश्वर महादेव मंदिर से कॉलेज रोड तक सड़क बनना है, लेकिन खुदाई कर छोड़ दिया है।



पैलेस रोड से डालू मोदी बाजार तक सीवरेज लाइन के लिए खुदाई चल रही है। इससे पूरा रास्ता बंदर कर दिया है।

## सड़क भूमिपूजन की बात पर कांग्रेस-भाजपा नेताओं में मारपीट

सड़क के लिए भूमिपूजन की बात पर कांग्रेस नेताओं और ठेकेदार में मारपीट हो गई। औद्योगिक क्षेत्र थाने में दोनों पक्षों ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने ठेकेदार विनोद यादव की रिपोर्ट पर लोचनसिंह, बबीता नागर और चेतन राजावत के खिलाफ तथा लोचनसिंह की रिपोर्ट पर ठेकेदार विनोद यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है। क्रिश्चन कॉलोनी निवासी लोचनसिंह ने बताया विनोबा नगर से ग्लोबस टाउनशिप तक सड़क डामरीकरण के लिए शाम 4:30 बजे भूमि पूजन था। भाजपा के लोग पहुंचे उससे पहले पूर्व पार्षद बबीता नागर और अन्य ने भूमिपूजन कर दिया था। ठेकेदार विनोद यादव ने पूछा तो उन्हें बबीता नागर और अन्य लोगों का नाम बताया। ठेकेदार विनोद यादव ने मारपीट की।

भास्कर

## इधर पैलेस रोड से सूरज पौर क्षेत्र में फिर शुरू हुआ काम

इन प्रमुख रास्तों के साथ ही पैलेस रोड से सूरज पौर रोड पर भी सीवरेज लाइन डालने से खुदाई शुरू कर दी है। वहीं चांदनीचौक से लक्कड़पीठा रोड पर भी सीवरेज लाइन डालने की खुदाई की जा रही है। इससे दिनभर धूल उड़ रही है और लोगों को परेशानी हुई।

## बाजार के ये रास्ते रहे बंद, परेशान होते रहे लोग

1. पूर्णेश्वर महादेव से कॉलेज रोड- यह रोड पैलेस रोड, डालू मोदी बाजार, धानमंडी सहित बाजार को जोड़ता है। सीसी रोड निर्माण के लिए खुदाई कर दी लेकिन रोड का निर्माण अब तक शुरू नहीं हो पाया है। इससे रास्ता बंद है लोगों को आने जाने में दिक्कत आ रही है।
2. पैलेस रोड से डालू मोदी बाजार- यह शहर का प्रमुख मार्ग है। सीवरेज की खुदाई के चलते चिंतामण गणपति मंदिर से डालू मोदी बाजार तक मार्ग पूरी तरह से बंद रहा। इस रोड से गुजरने वाले लोगों को अन्य मार्गों से गुजरना पड़ा। टू व्हीलर गुजर गई लेकिन सबसे ज्यादा परेशानी फोर व्हीलर और अन्य वाहनों को हुई और उन्हें अन्य मार्गों से गुजरना पड़ा। अन्य रोड पर जाम लगा।
3. पूर्णेश्वर महादेव से चक्कीवाली गली- सीवरेज की खुदाई से यह रोड भी बंद रहा। इससे इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को दिक्कत आई। रोड पूरी तरह से बंद रहा।

दै. भास्कर 9/2/22

# 1.79 मीट्रिक टन कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को 1.79 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 22715, ट्रैक्टर-ट्राली से 13485, काम्पेक्टर सूखा कचरा 21975, काम्पेक्टर गीला कचरा 12425, डंपर नाला मलबा 104150, मैजिक सूखा 2275, मैजिक गीला 2245 सहित 179270 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया। अई

अग्निबीच/ 9/2/22

# नालों की सफाई का कार्य निरंतर जारी

रतलाम ● कलेक्टर एवं निगम प्रशासक नगर पालिक निगम कुमार पुरुषोत्तम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा नगर के नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा जवाहर नगर, लकड़पीठा व जाटो का वास नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, डम्पर व गैंग द्वारा करवाया जाकर सफाई के दौरान निकलने वाले मलबे व कचरे को जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया। स्वदेश

स्वदेश/ 9/2/22

# देखिए हमारे शहर के सबसे स्वच्छ तालाब का हाल, फिर जमने लगी काई, गंदा पानी मिल रहा

## तालाब का पानी गंदा होने से मछलियों के लिए भी खतरा मंडरा रहा है

भास्कर संवाददाता | रतलाम

प्रशासन और नगर निगम के जिम्मेदार अफसरों... देखो, यह हमारे शहर का सबसे खूबसूरत तालाब है। दिनभर में सैकड़ों लोग घूमने आते हैं। इस तालाब को पिकनिक स्पॉट के रूप में बदलना तो दूर... आप इसे सहेज नहीं पा रहे हैं। तालाब का हाल बेहाल हो गया है।

मंगलवार को लोग उस वक्त हैरत में आ गए जब तालाब के ऊपर हरी काई जैसी परत देखी। यह परत मंदिर से लेकर पिछले हिस्से की पाल तक दिखाई दे रही थी। जो कि इस तालाब की खूबसूरती पर बड़ा दाग है, वहीं, यहां मछलियों के लिए भी खतरा है।

## नगर निगम ने रोका था सीवरेज का पानी लेकिन यह पहल बेअसर रही, फिर बदल गई तालाब की रंगत, डर ये कि... हम इसे खो ना दें



**ऐसा खूबसूरत है...** हमारा हनुमान ताल। सुबह यहां कई लोग घूमने आते हैं। योग भी करते हैं।



तालाब के पानी पर इस तरह हरी परत जम गई। फोटो - राकेश पोरवाल

### हम यहां घूमने आते हैं... तालाब को गंदा देख दुःख होता है

तालाब पर प्रतिदिन घूमने आने वाले लोगों का मन दुखी है। अखिलेश गुप्ता ने बताया वे यहां रोज आते हैं, अब दोबारा काई की परत दिखी है। जिम्मेदारों को ध्यान देना चाहिए। डाडमसिंह राठौर ने बताया यह शहर का एकमात्र व्यवस्थित और खूबसूरत तालाब है। यहां से कई लोग जुड़े हैं। ध्यान नहीं दिया तो इसे खो देंगे।

### सभी अधिकारियों को जानकारी है... अलग-अलग जगह से गंदा पानी मिल रहा

भाजपा नेता पवन सोमानी ने बताया तालाब में अलग-अलग स्त्रोत से गंदा पानी मिल रहा है। इसकी जानकारी सभी को है। हमने पत्र के माध्यम से अवगत करवा दिया है। समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। दोबारा इस समस्या को लेकर कलेक्टर से मिलेंगे। भास्कर

### 14 दिसंबर को भास्कर ने प्रमुखता से उठाया था मामला

यह पहला मौका नहीं है, जब तालाब पर हरी परत दिखी है। इससे पहले 14 दिसंबर को यहां काई जैसी परत दिखी थी। भास्कर ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। सीवरेज का पानी मिलने को कारण बताया था। इसके लिए खुदाई हुई, सीवरेज का पानी रोका लेकिन समस्या का समाधान अभी नहीं हुआ है। जानकारों के मुताबिक अभी भी त्रिलोक नगर, बरबड़ मंदिर के आसपास बने नालों का पानी तालाब में आ रहा है।

दै. भास्कर 9/2/22

## सीवरेज ट्रीटेड पानी का पुर्नउपयोग प्रारंभ

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खेतलपुर व करमदी एसटीपी प्लांट में सीवरेज के ट्रीटेड किये गये पानी का पुर्नउपयोग (रियूज) का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। नगर निगम द्वारा एसटीपी प्लांट में ट्रीटेड किये गये पानी का उपयोग भवन निर्माण, सिंचाई, उद्यान आदि के उपयोग के लिये नगर निगम से न्यूनतम दर प्राप्त कर सकते है। नगर निगम द्वारा इस पानी का उपयोग छिड़काव, उद्यान सहित अन्य कार्यों में किया जा रहा है।

## नालो की सफाई का कार्य निरंतर जारी

रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा नगर के नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा सोमवार को जवाहर नगर, लकड़पीठ व जाटो का वास नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, डम्पर, व गैंग द्वारा करवाया जाकर सफाई के दौरान निकलने वाले मलबे व कचरे को जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पहुंचाया गया। नवभारत

नवभारत 9/2/22

## सीवरेज ट्रीटेड पानी का पुनर्उपयोग प्रारंभ

रतलाम ● निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खेतलपुर व करमदी एसटीपी प्लांट में सीवरेज के ट्रीटेड किए गए पानी का पुनर्उपयोग (रियूज) का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। नगर निगम द्वारा एसटीपी प्लांट में ट्रीटेड किए गए पानी का उपयोग भवन निर्माण, सिंचाई, उद्यान आदि के उपयोग के लिए नगर निगम से न्यूनतम दर प्राप्त कर सकते है। नगर निगम द्वारा इस पानी का उपयोग छिड़काव, उद्यान सहित अन्य कार्यों में किया जा रहा है।

स्वदेश 9/2/22

**कलेक्टर के सामने महिला बोली आप बोलों तो आना बंद करें**

# आयुक्त ने कहा, यह आदतन शिकायती है

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई जनसुनवाई में शक्तिनगर के एक मामले में शिकायत करने वाली महिला व निगम आयुक्त आमने - सामने हो गए। शिकायत करने वाली महिला ने जब अपनी व्यथा बताई तो कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आयुक्त से सवाल - जवाब कर लिए। इस पर आयुक्त ने कह दिया, यह आदतन शिकायती महिला है। इसके बाद महिला भी नाराज हो गई व रोते हुए बोली, आप मना कर दे, शिकयत करने आना बंद कर देंगे। मंगलवार को कुल 54 लोग अपनी विभिन्न समस्याएं लेकर पहुंचे।

सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलने वाली जनसुनवाई में शक्तिनगर की शाति मालवीय नाम की महिला अपनी शिकायत लेकर आई थी। महिला का कहना था कि उनके क्षेत्र में नमकीन की दुकान पर दिनभर भट्टी चलती है, जिससे



परेशानी होती है। इस शिकायत पर आयुक्त नाराज हो गए। बाद में कलेक्टर ने हस्तक्षेप किया व कहा कि वे शिकायत पर कार्रवाई करवाएंगे। पत्रिका

## जान से मारने की धमकी मिल रही

नयागांव निवासी सरोज कछावा ने बताया कि प्रार्थिया का एक भूखण्ड नयागांव में स्थित है जिस पर क्षेत्र के कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा अनाधिकृत रुप से बलपूर्वक कब्जा कर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कर लिया गया है। इसकी सूचना प्रार्थिया द्वारा औद्योगिक क्षेत्र थाने में भी की गई परन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जब इस सम्बन्ध में उन व्यक्तियों से चर्चा की गई तो उन लोगों द्वारा अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस प्रकार कुल 54 लोगों ने अपनी अलग-अलग पीड़ा बताई।

पत्रिका 9/12/22

# प्लाट पर दबंगों ने कर लिया कब्जा, दे रहे धमकी

## कलेक्टोरेट में हुई जनसुनवाई, 54 आवेदनों के निराकरण के निर्देश

नई,

**शिकायतें सुनी**

- कलेक्टर समेत कई अधिकारियों ने शिकायत सुनीं
- बैंक, जमीन से जुड़े आए मामले सुनवाई के लिए

**रतलाम।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। जनसुनवाई में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक गेहलोत, एसडीएम राजेश शुक्ला, एसडीएम रतलाम ग्रामीण कृतिका भीमावत द्वारा 54 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग को निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में सुभाष नगर निवासी नूरजहां पत्नी मलंग शाह ने आवेदन देते हुए बताया कि प्रार्थिया का मकान सुभाष नगर में स्थित है। सुभाष नगर में फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण होने से मकान का सर्वे कर सर्वे नं. 105 के आधार पर अवार्ड पारित किया गया था, लेकिन आज तक मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है। नयागांव निवासी सरोज कछावा पत्नी स्व. शिवसिंह कछावा ने बताया कि नयागांव में स्थित भूखंड पर क्षेत्र के कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा अनधिकृत रुप से बलपूर्वक कब्जा कर बाउंड्रीवाल का निर्माण कर लिया है। इसकी सूचना औद्योगिक क्षेत्र थाने में भी दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। संबंधित व्यक्तियों से चर्चा की गई तो उन लोगों द्वारा अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी जा रही है। प्रकरण निराकरण के लिए संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया है।



कलेक्टोरेट में जनसुनवाई करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। • नईदुनिया

ग्राम डाबर तहसील बाजना निवासी राजपाल डोडियार ने जनसुनवाई के दौरान बताया कि एक वर्ष पूर्व शिक्षा लोन लेने के लिए सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा बाजना में बात करने पर बैंक मैनेजर ने कहा था कि आप शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश मत लेना आपका दो लाख रुपये का लोन दो माह में पास हो जाएगा। बैंक मैनेजर द्वारा प्रपोजल लेटर भी दिया गया था। अब वे शिक्षा लोन देने से मना कर रहे हैं। प्रकरण एलडीएम को निराकरण के लिए प्रेषित किया गया है।

नईदुनिया 9/2/22